ले ज गुरमीत सिंह,
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम,
वीएसएम (से नि)
राज्यपाल एवं
कुलाधिपति, हेमवती नन्दन बहुगुणा
उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा
विश्वविद्यालय, देहरादून।

सत्यमेव जयते

राजभवन
उत्तराखण्ड, देहरादून

संख्या– 23078/जी0एस0(शिक्षा)/C15-2(TC)/2020

देहरादून : दिनांक : 16 जुलाई, 2025

## आदेश

हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति डा0 एम0एल0 ब्रह्मभट्ट द्वारा कुलपति पद से त्याग पत्र दिये जाने के फलस्वरूप कुलपति पद रिक्त हो जाने पर आदेश सं0 18618 दिनांक 20 जनवरी, 2025 द्वारा डा0 ओंकार सिंह, कुलपति–वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 06 माह अथवा नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक, जो भी पहले हो, तक के लिए हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

डा0 ओंकार सिंह का मूल कुलपति पद का तीन वर्ष का कार्यकाल दिनांक 18 जुलाई, 2025 को पूर्ण हो रहा है। इसके साथ ही उन्हें हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति पद का प्रदत्त अतिरिक्त प्रभार भी दिनांक 18 जुलाई, 2025 को समाप्त हो जायेगा। हेमवती नन्दन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के नियमित कुलपति के चयन की प्रक्रिया शासन स्तर गतिमान है, जिसमें अभी समय लगने की सम्भावना है।

अतः अस्थाई/अन्तरिम व्यवस्था सम्बन्धी उक्त वर्णित पूर्व आदेश संख्या 18618 दिनांक 20 जनवरी, 2025 को अतिक्रमित करते हुए हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय अधिनियम–2014 (यथा संशोधित) की धारा–10(7) के अन्तर्गत **प्रो0 अरूण कुमार त्रिपाठी, कुलपति–उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून को उनके पद के कार्य दायित्वों के साथ–साथ कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 06 माह अथवा नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक, जो भी पहले हो, हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, देहरादून के कुलपति के कार्य दायित्वों के निर्वहन हेतु नियुक्त किया जाता है।**

ह0/–
ले ज गुरमीत सिंह
कुलाधिपति।

संख्या– 23078(1)/जी०एस०(शिक्षा)/C15-2(TC)/2020, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
3. सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
4. डा0 ओंकार सिंह, कुलपति, वी०मा०सिं०भ०उ०प्रौ० विश्वविद्यालय, देहरादून।
5. प्रो0 अरूण कुमार त्रिपाठी, कुलपति–उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून
6. कुलसचिव, हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, देहरादून।
7. कम्प्यूटर प्रकोष्ठ/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

Raman
(रविनाथ रामन)
सचिव मा0 राज्यपाल/कुलाधिपति।